RAF SECTOR
NEWS CLIP
09/08/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pratahkal ,Udaipur (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर में किया फ्लेग मार्च

उदयपुर. नगर संवाददाता। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में रेपिड एक्शन टीम ने फ्लैग मार्च किया गया। कमाण्डेन्ट 100 बटालियन आरएएफ रिजर्व पुलिस बल वस्त्रालय अहमदाबाद के सहायक कमाण्डेन्ट बृजेन्द्र सिंह रोलानिया के नेतृत्व में 46 जवानो की प्लाटुन के द्वारा मुखर्जी चौक, खैरादीवाडा, अस्थल मन्दिर, गुलाबबाग रोड, किशनपोल, खांजीपीर क्षेत्र में फ्लेग मार्च किया गया।

Prabhat Khabar,Giridih (JKD)

त्योहार के मद्देनजर आरएएफ ने की बैठक

त्योहार को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी व बुद्धिजीवी .

गिरिडीह. आरएएफ के अधिकारियों ने रविवार को कुटिया रोड स्थित गोयनका धर्मशाला में बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की. सहायक कमांडेंट अनूप सिंह, उप सहायक कमांडेंट राव मौजूद थे. लोगों ने कहा कि जिले में अशांति का माहौल कभी नहीं रहा. कतिपय असामाजिक तत्व अमन चैन भंग करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे लोगों के खिलाफ स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कड़ी कार्रवाई की जाती है. पार्षदों ने कहा कि सभी त्योहार को बेहतर माहौल में मनाने का प्रयास होता है. गिरिडीह की परंपरा भी शांति व अमन चैन की रही है. पार्षदों ने भरोसा दिलाया कि आनेवाला हर त्योहार को भाईचारा के साथ मनायेंगे. दोनों समुदाय के लोगों की बातों को सुनने के बाद सहायक कमांडेंट ने कहा कि रैपिड एक्शन फोर्स हर हालात से निपटने के लिए हमेशा तत्पर रहती है. कहा कि पूर्व में जिस प्रकार की कार्रवाई होती थी उसमें अब काफी बदलाव हुआ है. त्योहार के पहले प्रयास किया जाता है कि दोनों समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर शांति व भाईचारा का माहौल बनाएं और इसमें हम भागीदारी भी निभाते हैं. बैठक में पूर्व नप उपाध्यक्ष राकेश मोदी, पार्षद सैफ अली गुड्डु, रूमी बुलंद अख्तर, रॉकी नवल शर्मा आदि मौजूद थे.

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।